nt>

Title: Need for four-laning National Highway Nos. 74 & 8.

श्रीमती किरण माहेश्वरी (उदयपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से ग्रामीण विकास मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि पूर्व में एनडीए सरकार ने प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना बनाई थी जिसके तहत साढ़े सात सौ की आबादी के जितने भी गांव हैं, उनको मुख्य सड़क से जोड़ा जाना था। इसके साथ एक योजना यह भी थी कि वर्ा 2005 तक 500 की आबादी के सारे गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ दिया जायेगा। मैं पूछना चाहती हूं कि क्या यह योजना अभी भी है ? **क्या 500 की आबादी के जितने भी गांव हैं, उन्हें वर्ा 2005 तक मुख्य सड़क से जोड़ने का कोई प्रावधान है ? अगर है तो वह भी बताया जाये अन्यथा अभी तो यह स्थिति है, खासकर राजस्थान की बात लें तो वहां पर सिर्फ 900 की आबादी के गांव को ही मुख्य सड़क से जोड़ा गया है। उसके आगे वहां कोई योजना केन्द्र सरकार की तरफ से नहीं है। इस पर भी आप थोड़ा प्रकाश डालने की कृपा करें।**

MR. SPEAKER: Hon. Members, there are 48 notices before me. All are important. I am trying to help you. Please be patient.